**भारत सरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3527**

**उत्तर देने की तारीख : 20 दिसम्बर, 2021**

## पुस्तकालयों का डिजिटाइजेशन

**3527. डॉ. जयंत कुमार राय :**

**डॉ. सुकान्त मजूमदार :**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय के अधीन पश्चिम बंगाल में चल रहे पुस्तकालयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि मंत्रालय देश में 100 पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण की योजना बना रहा है;

(ग) यदि हां, तो पश्चिम बंगाल में उन चुनिंदा पुस्तकालयों का ब्यौरा क्या है जिनका डिजिटलीकरण किया जा रहा है;

(घ) क्या सार्वजनिक पुस्तकालयों के डिजिटलीकरण के लिए कोई रूपरेखा/रोडमैप तैयार किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) भारत में सार्वजनिक पुस्तकालय प्रणाली के विकास के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**(जी. किशन रेड्डी)**

**संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**

(क) : पश्चिम बंगाल में संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन दो पुस्तकालय कार्य कर रहे हैं जो निम्नलिखित हैं :

1. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता
2. केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय, कोलकाता

(ख) : जी, नहीं।

(ग) : उपर्युक्त (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(घ) : जी, नहीं।

(ड.): पुस्तकालय राज्य का विषय है। अतः राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरण के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करते हैं। तथापि, संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन स्वायत्त संगठन राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, अपनी विभिन्न समतुल्य और गैर-समतुल्य स्कीमों के अंतर्गत सार्वजनिक पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, यह मंत्रालय राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन भी संचालित करता है। इस मिशन के अंतर्गत, भागीदार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एक (1) राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय और एक (1) जिला पुस्तकालय में मॉडल पुस्तकालय स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।